समस्या | 3 किमी दूर से पानी लाकर बन रहा मध्यान्ह भोजन, पढ़ाई और पोषण दोनों प्रभावित

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे नौनिहाल

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई। सरकार एक ओर हर घर जल और विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, वहीं अनूपपुर जिले के कोतमा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुशियारा में पेयजल संकट ने इन दावों की पोल खोल दी है।**

विद्यालय परिसर में पेयजल की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से छात्र-छात्राओं को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि बच्चों को कई बार पीने का पानी लाने के लिए विद्यालय से बाहर जाना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।




### मध्यान्ह भोजन में होता है विलंब

विद्यालय से संचालित आंगनवाड़ी केंद्र एवं मध्यान्ह भोजन योजना भी इस समस्या से अछूती नहीं है। भोजन बनाने वाली सहायता समूह की महिलाओं को प्रतिदिन करीब तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। पानी उपलब्ध होने के बाद ही भोजन तैयार किया जाता है। कई बार पानी लाने में देरी होने से बच्चों को मध्यान्ह भोजन भी विलंब से मिलता है।

### शिक्षा अधिकारी को भेजा पत्र

विद्यालय के शिक्षकों ने इस गंभीर समस्या को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित पत्र भेजकर पेयजल व्यवस्था की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि पानी की कमी के कारण शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है और बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है

ग्रामीणों एवं अभिभावकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। छोटे-छोटे बच्चों को पानी के लिए विद्यालय से बाहर जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। उनका कहना है कि बच्चों का समय पढ़ाई में लगना चाहिए, न कि पानी की व्यवस्था करने में। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

## जनसुनवाई में 80 आवेदनों की हुई सुनवाई

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने 80 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर बलवीर रमन, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) अनूपपुर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी आमजन की समस्याएं सुनीं और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास और दिव्यांगजन से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम पंचायत जरहा (पुष्पराजगढ़) निवासी कोमल सिंह ने नक्शा तरमीम कराने तथा लामा टोला निवासी राम प्रसाद त्रिपाठी ने दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाए जाने की मांग रखी।

# 48 घंटे के भीतर किया लूट का खुलासा

**देवहरा पुलिस ने आरोपी को बाइक सहित किया गिरफ्तार**

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में चौकी देवहरा पुलिस ने लूट के एक मामले का महज 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को लूटी गई मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया।

फरियादी अवधेश कुमार सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पटना कला थाना चचाई ने 11 जुलाई को चौकी देवहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे वह उद्धव ओझा की मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 18 एमजी 0158 से सिरोल बस स्टैंड स्थित बिरयानी की दुकान पर गया था। वहां एक अज्ञात युवक ने धिरौल पंचायत तक छोड़ने का आग्रह किया। धिरौल पहुंचने पर आरोपी ने फरियादी को धमकाकर धक्का दिया और मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गया।



### आरोपी को न्यायालय में किया गया पेश

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान सुनील यादव निवासी ग्राम धिरोल के रूप में हुई। देवहरा पुलिस ने लगातार तलाश कर 13 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाईकिल अनूपपुर से जब्त की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायालय अनूपपुर में पेश किया गया।

## एक नजर में

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री बने अजय चौधरी

**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अनूपपुर की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। घोषित कार्यकारिणी में अजय चौधरी को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयाँ दी जा रही हैं। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के निर्देश, संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, जिला प्रभारी संजय साहू की सहमति तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के अनुमोदन उपरांत अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बब्बू प्रसाद चन्द्रवंशी द्वारा घोषित जिला कार्यकारिणी में की गई है।





### सफाई कर्मियों को स्वच्छता सामग्री व रेनकोट वितरित

**बिजुरी, नवभारत।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सफाईकर्मियों के कार्यों को सम्मान देने के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा सफाईकर्मियों को स्वच्छता सामग्री एवं रेनकोट वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका ने सफाईकर्मियों का सम्मान करते हुए कहा कि वे हर मौसम में दिन-रात मेहनत कर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सफाईकर्मियों को कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का निर्वहन करना पड़ता है। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेनकोट उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे बिना किसी असुविधा के सुरक्षित तरीके से अपने कार्य कर सकें।

### राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने लीलावती के निधन पर जताया शोक

**अनूपपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला अनूपपुर के जिला कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी की दादी एवं पं. गोविंद नारायण द्विवेदी तथा कृष्णानंद द्विवेदी की माताजी लीलावती द्विवेदी का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद परिवार में शोक की लहर व्याप्त हो गई। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभाग शहडोल एवं जिला अनूपपुर इकाई सहित संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दिवंगत पुण्यात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति और संबल दें।



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

# विभिन्न प्रजातियों के रोपे गए 15 पौधे

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने अनूपपुर प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में गुलमोहर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। पौधरोपण कार्यक्रम में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने भी पौधे लगाए। कलेक्ट्रेट परिसर में आम, नीम, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 15 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में हरित आवरण बढ़ाना, जैव विविधता का संरक्षित करना तथा आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनाना रहा। इस दौरान उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

# पल्सर बाइक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**वार्ड क्रमांक 3 स्थित रेलवे कॉलोनी के समीप घटना रहवासी आ गए थे दहशत में**

**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित रेलवे कॉलोनी के समीप सोमवार रात करीब 8 बजे एक पल्सर मोटरसाइकिल में अचानक भीषण आग लग गई। चलती-फिरती बाइक में अचानक आग की लपटें उठती देख पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के रहवासी दहशत में आ गए।

जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल (वाहन क्रमांक सीजी 11 बीजी 2639) के मालिक 25 वर्षीय पंकज साहू हैं, जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ के निवासी हैं।



वर्तमान में पंकज कोतमा के रेलवे कॉलोनी के पास एक किराए के मकान में रहते हैं।

### कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

लगभग 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया जा सका, जिसके बाद आसपास के मकानों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। फिलहाल आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है।

### शॉर्ट सर्किट की आशंका, 50 हजार से अधिक का नुकसान

आशंका जताई जा रही है कि फ्यूल टैंक से तेल लीकेज होने या इंजन के अत्यधिक गर्म होने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ होगा, जिससे यह हादसा हुआ। इस अग्निकांड में मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर खाक हो गई है, जिससे पीड़ित को 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। घटना की औपचारिक सूचना स्थानीय पुलिस और संबंधित इंश्योरेंस कंपनी को दे दी गई है।

### आधे घंटे तक धधकती रही आग

सोमवार रात वह कंपनी में अपना काम खत्म कर कमरे पर लौटे थे। बाइक खड़ी करने के कुछ ही देर बाद उसमें अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक में लगी आग इतनी भीषण थी कि वह करीब आधे घंटे तक आग के गोले की तरह धधकती रही। लपटों को बढ़ता देख स्थानीय युवकों ने तत्परता दिखाई। युवाओं ने फायर गैस सिलेंडर, रेत, पानी और अन्य उपलब्ध साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

# वित्तीय व्यवस्था में पारदर्शिता जरूरी : मार्को

**नर्मदा मंदिर ट्रस्ट पर उठे सवाल, विधायक ने मांगा आय-व्यय का सार्वजनिक हिसाब**

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण के बाद अब मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी अमरकंटक स्थित मां नर्मदा मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने ट्रस्ट की आय-व्यय, चल-अचल संपत्तियों, चढ़ावे में प्राप्त नकदी, सोना-चांदी एवं अन्य बहुमूल्य संपत्तियों का सार्वजनिक लेखा-जोखा जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए ट्रस्ट की वित्तीय व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होना आवश्यक है।

### विकास कार्यों पर खर्च का असर दिखना चाहिए

विधायक ने कहा कि अमरकंटक देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिर को करोड़ों रुपये का चढ़ावा प्राप्त होता है। ऐसे में यह जानना जनता का अधिकार है कि इन संसाधनों का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है और इससे क्षेत्र के विकास तथा श्रद्धालुओं को कितनी सुविधाएं मिल रही हैं। उनका कहना है कि यदि विकास कार्यों पर खर्च किया जा रहा है तो उसका प्रभाव धरातल पर भी दिखाई देना चाहिए।

# जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की रथ यात्रा कल



**श्रद्धालुओं ने हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन**

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा 16 जुलाई को अनूपपुर नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली जाएगी।

आयोजन को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है और तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। रथ यात्रा के सफल आयोजन के लिए इस्कॉन अनूपपुर केंद्र में नगर के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों, धर्मप्रेमियों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं की कई बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में सभी ने रथ यात्रा को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए अपने सुझाव दिए तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी गई

बैठक का शुभारंभ भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के स्मरण के साथ हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं को भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि रथ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में एकता, सेवा, प्रेम और भक्ति का संदेश देने वाला महापर्व है। सभी श्रद्धालुओं से परिवार एवं मित्रों सहित आयोजन में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया।



# विशेष अभियान के तहत 2 वर्ष से फरार शातिर चोर गिरफ्तार

**चोरी की रकम से खरीदी बाइक जब्त**

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामनगर पुलिस ने दो वर्ष से फरार चल रहे शातिर आदतन चोर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम से खरीदी गई बाइक और 500 रुपये नकद भी बरामद कर जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में पुलिस के अनुसार थाना रामनगर में दर्ज चोरी के मामले में लगभग दो वर्ष से फरार और उद्घोषित आरोपी छोटू वादी उम्र 35 निवासी ग्राम चकौड़िया थाना जैतपुर जिला शहडोल को 13 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी एक शातिर एवं आदतन चोर है, जिसके विरुद्ध थाना बिजुरी, थाना कोतमा तथा जिला उमरिया के थाना पाली में भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। लंबे समय से फरार आरोपी की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी।

### मुखबिर की सूचना पर किया गया गिरफ्तार

मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम से खरीदी गई बाइक तथा 500 रुपये नकद बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने विधिवत जब्त कर लिया। वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय कोतमा में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया।

# पेसा परियोजना में अनियमितताओं का मामला गरमाया

**कुलपति को सौंपा गया ज्ञापन जांच समिति गठन और भर्ती परिणाम रोकने की मांग**

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में पेसा एक्टो से जुड़ी वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

आदिवासी युवा छात्र महासंघ (आयाम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश कुमार मरावी ने विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर 15 जुलाई को प्रस्तावित कार्य परिषद की बैठक के एजेंडा में इस पूरे मामले को शामिल करने, स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने तथा जांच पूरी होने तक पेसा परियोजना के अंतर्गत हाल ही में हुई भर्ती प्रक्रिया का परिणाम जारी नहीं करने की मांग की है।



### विकास राशि का किया गया दुरुपयोग

करीब 15 बिंदुओं वाले इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुसंधान, प्रशिक्षण और जनजातीय विकास संबंधी गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराई गई राशि के उपयोग में गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताएं हुई हैं।

### निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की मांग

संगठन का कहना है कि मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए ताकि वास्तविक तथ्यों का खुलासा हो सके तथा यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस पूरे मामले की शिकायत पूर्व में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, पंचायत राज मंत्रालय तथा अन्य सक्षम संस्थाओं को भी भेजी जा चुकी है।

## कोषालय में 16 व 17 को लगेगा शिविर

**नवभारत, जबलपुर।** आईएफएमआईएस से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए 16 एवं 17 जुलाई को जिला कोषालय जबलपुर में आईएफएमआईएस केयर थीम के अंतर्गत विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिला कोषालय अधिकारी साकेत जैन ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के उपयोग में आने वाली समस्याओं की जानकारी निर्धारित प्रारूप में 15 जुलाई तक जिला कोषालय को प्रेषित करने का आग्रह किया।

# कौशल विकास से बने रोजगारदाता : आर्य

**अनूपपुर, नवभारत 14 जुलाई।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने जनजातीय युवाओं से अपनी संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत उसकी सबसे बड़ी पहचान है और इसे सुरक्षित रखना युवाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आर्य ने कहा कि युवा केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि कौशल विकास, नवाचार और स्वरोजगार के माध्यम से ऐसे उद्यमी बनें जो दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकें। उन्होंने शिक्षा, तकनीकी दक्षता और आत्मनिर्भरता को अपनाने पर जोर दिया।

### संविधान के पालन में युवाओं की भागीदारी आवश्यक

उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का सदैव स्मरण रखना चाहिए। राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों के पालन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। श्री आर्य ने विश्वास जताया कि जनजातीय युवा अपनी प्रतिभा, परिश्रम और संस्कारों के बल पर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने जनजातीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं से इनका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

खतरा | नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी से मंडरा रहा खतरा, पेड़ की शाखाएं सड़ चुकी हैं

# सूखे आम के पेड़ से बड़े हादसे की आशंका

**कोतमा नवभारत 14 जुलाई। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1, फिल्टर टोला में एक बड़ा हादसा होने का इंतजार किया जा रहा है। यहाँ निवासी सुनील मिश्रा के मकान के ठीक बगल में स्थित लगभग 40 वर्ष पुराना आम का पेड़ वर्तमान में पूरी तरह से सूख चुका है। यह सूखा पेड़ अब स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए काल बनकर खड़ा है, लेकिन संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या से पूरी तरह बेखबर बना हुआ है।**

### आंधी-तूफान में गिर सकता है पेड़

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह विशालकाय आम का पेड़ काफी पुराना है और समय के साथ पूरी तरह सूख चुका है। इसकी शाखाएं सड़ चुकी हैं, जो हल्की सी हवा या आंधी-तूफान चलने पर कभी भी धराशायी हो सकती हैं। चूंकि यह पेड़ अटल द्वार की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के बिल्कुल किनारे स्थित है, इसलिए इसका खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है।



### मुख्य मार्ग पर दिन भर रहती है चहल पहल

इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चों, महिलाओं और आम जनता का आना-जाना लगा रहता है। मुख्य सड़क होने के कारण यहां पूरे दिन भारी चहल-पहल रहती है।

स्थानीय निवासी सुनील मिश्रा के घर के ठीक बगल में होने के कारण उनके परिवार पर भी हमेशा अनहोनी का डर बना रहता है।

### प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

वार्ड वासियों ने नगर पालिका प्रशासन और संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि किसी बड़ी अप्रिय घटना या जनहानि का इंतजार किए बिना, इस सूखे और खतरनाक हो चुके पेड़ को तत्काल प्रभाव से कटवाकर हटाया जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक इस खतरे से वार्ड वासियों को मुक्ति मिलती है।